आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 26.10.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 163 करोड़ 52 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की।
- हरिद्वार जिले के कलियर क्षेत्र में विजिलेंस और ऊर्जा निगम की संयुक्त टीम ने 23 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी।
- पवित्र छड़ी यात्रा आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन कर अपने अंतिम पड़ाव हरिद्वार स्थित माया देवी मंदिर पहुंची; लगभग 22 दिनों की यात्रा विधिवत रूप से संपन्न।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी, हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 163 करोड़ 52 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

इन योजनाओं के तहत टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र में लालूरी–घियाकोटी–क्यार्दा की चली मोटर मार्ग का पुनर्निर्माण और सुधार कार्य किया जाएगा। चम्पावत में रणकौची मंदिर का विकास कार्य स्वीकृत किया गया है।

देहरादून में पुलिस लाइन रेसकोर्स की पेयजल योजना तथा परिसर में 120 आवासों का निर्माण, लोक सेवा आयोग परिसर में बहुमंजिला भवन निर्माण, आईआरबी द्वितीय वाहिनी परिसर में 120 आवासों का निर्माण और राजभवन में बहुउद्देश्यीय भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

रुद्रप्रयाग जिले के केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में पैदल मार्ग की क्षतिग्रस्त दीवारों के पुनर्निर्माण और सफाई कार्य को भी मंजूरी मिली है। वहीं पौड़ी गढ़वाल के चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में दमदेवल–गडरी मोटर मार्ग और चलकुड़िया–मसमोली–सकलोनी–नौखोली मार्ग के सुधार कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

गौरा देवी की जन्म शताब्दी

चिपको आंदोलन की प्रणेता और पर्यावरण संरक्षण की प्रतीक गौरा देवी की जन्म शताब्दी पर चमोली जिले के रैणी गांव में विशेष समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि गौरा देवी और उनकी साथियों ने पेड़ों की रक्षा के लिए जो साहस और संकल्प दिखाया, उसने पूरे विश्व में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई जागरूकता पैदा की। श्री उनियाल ने आम जन से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

समारोह में डाक विभाग की ओर से गौरा देवी पर विशेष डाक टिकट का विमोचन भी किया गया।

कृषि, औद्योगिक एवं पर्यटन विकास मेला

रुद्रप्रयाग जिले के जखोली में कृषि औद्योगिक एवं पर्यटन विकास मेला शुरू हो गया है। मेले के पहले दिन स्कूली बच्चों ने लोक संस्कृति पर आधारित गीत और नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर दर्शकों ने खूब आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक भरत सिंह चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय व्यापारियों को विपणन का अवसर प्रदान करते हैं और किसानों को आधुनिक उपकरणों के उपयोग से उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेले ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ–साथ महिला समूहों, स्वयं सहायता समूहों और कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं।

मेले में सरकारी और गैर–सरकारी संस्थाओं के स्टॉल लगे हैं, जहां लोगों ने उत्पाद खरीदे और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों और महिला समूहों ने भाग  लिया।

देवभूमि सांस्कृतिक उत्सव

चमोली जिले के माणा में कल देवभूमि सांस्कृतिक उत्सव– 2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय सेना और उत्तराखण्ड सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

उत्सव में स्थानीय नागरिकों, पर्यटकों और गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। गढ़वाली लोकनृत्य, पारंपरिक संगीत और शिल्पकला के प्रदर्शन ने वातावरण को जीवंत बना दिया। ग्रामवासियों और स्थानीय शिल्पकारों के स्टालों पर पारंपरिक बुनाई, लकड़ी की कारीगरी और जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा।

भारतीय सेना के बैंड की प्रस्तुति और "नो योअर आर्मी'' प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रही। दिन का समापन अलकनंदा आरती के साथ हुआ, जिसने श्रद्धा और संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

अटल आयुष्मान योजना

राज्य सरकार की अटल आयुष्मान योजना चमोली जिले में लोगों के लिए बड़ी राहत बन रही है। वर्ष 2018 से अब तक जिले में 1 लाख 4 हजार 510 लोगों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। इनके उपचार पर अब तक कुल 1 अरब 90 करोड़ 27 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता के अनुसार जिले में अब तक 2 लाख 34 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योजना के शुरू होने के बाद पहले वर्ष 865 लोगों को लाभ मिला था, जबकि 2024–25 तक यह संख्या बढ़कर एक लाख से अधिक हो चुकी है।

जिले के जिला चिकित्सालय गोपेश्वर, उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैरसैंण, थराली, जोशीमठ, पोखरी और नंदानगर में पात्र लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि अटल आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को हर साल 5 लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा मिलती है।

बिजली चोरी

देहरादून विजिलेंस और ऊर्जा निगम की संयुक्त टीम ने हरिद्वार जिले के कलियर क्षेत्र में छापेमारी कर 23 स्थानों पर लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

शनिवार को टीम ने कलियर के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में अभियान चलाया, जहां कई लोग कटिया डालकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए मिले। टीम ने सभी मामलों की वीडियोग्राफी कर साक्ष्य भी जुटाए।

रुड़की ऊर्जा निगम की एसडीओ अनीता सैनी ने बताया कि पकड़े गए सभी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि बिजली चोरी पर रोक लगाई जा सके।

गिरफ्तारी

विजिलेंस टीम ने चंपावत रेंज की चौकी चेक पोस्ट पर तैनात दो वनकर्मियों को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे अपनी गौशाला के लिए जंगल में गिरे हुए चीड़ के पेड़ की लकड़ी ले जानी थी। इस दौरान आरोपियों ने उसकी गाड़ी पकड़ ली और 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। सौदे के तहत 20 हजार रुपये लेते समय दोनों वनकर्मी दीपक जोशी और भुवन चंद्र भट्ट रंगे हाथों पकड़े गए। विजिलेंस द्वारा मामले की आगे की जांच जारी है। चंपावत रेंजर दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि विभागीय स्तर पर भी दोनों कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

छड़ी यात्रा

श्री पंचदश नाम जूना अखाड़े की पवित्र छड़ी यात्रा आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन कर अपने अंतिम पड़ाव पर हरिद्वार के माया देवी मंदिर पहुंची।

महामंडलेश्वर वीरेंद्र आनंद गिरी महाराज, छड़ी महंत पुष्कर गिरी और अन्य संतों के नेतृत्व में पहुंची इस यात्रा का जूना अखाड़ा परिसर में ढोल–नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद छड़ी को श्री आनंद भैरव और अधिष्ठात्री देवी माया देवी की पूजा–अर्चना के पश्चात मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया।

द्वितीय चरण में पवित्र छड़ी यात्रा ने कर्णप्रयाग से शुरू होकर अलकनंदा–पिंडर संगम, आदि बद्री, थराली स्थित बेतालेश्वर मंदिर, बागेश्वर के बागनाथ मंदिर, बैजनाथ धाम, रानीखेत के खेड़केश्वर व काली मंदिर, बिनसर महादेव और जागेश्वर जैसे पौराणिक स्थलों की यात्रा की।

यात्रा के दौरान धारचूला से होते हुए छड़ी आदि कैलाश और ओम पर्वत पहुंची, जहां पूजा–अर्चना और पार्वती कुंड में स्नान के बाद इसे पूर्णागिरि माता के दर्शन के लिए टनकपुर ले जाया गया।

लगभग 22 दिनों की यात्रा पूरी कर पवित्र छड़ी का हरिद्वार के माया देवी मंदिर में विधिवत समापन किया गया।

बैकुंठ चतुर्दशी मेला

श्रीनगर गढ़वाल में 4 से 13 नवंबर तक बैकुंठ चतुर्दशी का मेला आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर नगर निगम में मेला समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान स्थानीय विधायक और कैबिनेट मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए मेले को भव्य, सुरक्षित और आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मेला श्रीनगर की सांस्कृतिक पहचान है और इसे पूरे प्रदेश में विशेष पहचान दिलाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

डॉक्टर रावत ने पुलिस विभाग को ट्रैफिक प्लान, स्टार नाइट, कलश यात्रा और महिला सुरक्षा की तैयारियों को मजबूत करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को झूलों और अन्य संरचनाओं का सेफ्टी ऑडिट कराने, स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य शिविर और एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जल संस्थान और विद्युत विभाग को जलापूर्ति और लाइटिंग की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए गए।

परिवहन विभाग को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लोकल वाहनों की संख्या बढ़ाने को कहा गया। डॉक्टर रावत ने बताया कि श्रीनगर में तीन माह के भीतर पांच ई–रिक्शा और दो नगर बसें उपलब्ध कराई जाएंगी।

ओएनजीसी– स्वच्छ भारत अभियान

ओएनजीसी ने स्वच्छ भारत अभियान की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए पौड़ी नगर पालिका को स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न सामग्री प्रदान की है। कंपनी ने नगर पालिका को दो वाटर टैंक, पांच फॉगिंग मशीन, 40 कूड़ा उठाने की हाथ ठेलियां, पांच कंप्यूटर, 200 रिफ्लेक्टिंग जैकेट, 100 ग्रास कटर तलवारें और 200 सफाई कर्मियों के लिए मेडिकल किट उपलब्ध कराए हैं।